जिसने कोई वस्तु लटकाई, उसे उसी के हवाले कर दिया जाता है।

अब्दुल्लाह बिन उकैम -रज़ियल्लाहु अन्हु- का वर्णन है कि नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमायाः "जिसने कोई वस्तु लटकाई, उसे उसी के हवाले कर दिया जाता है।"
[ह़सन] [इसे तिर्मिज़ी ने रिवायत किया है। - इसे अह़मद ने रिवायत किया है।]

जिसका दिल या कार्य अथवा दोनों किसी चीज़ से संबद्ध हो गए और वह उसी से लाभ की आशा तथा हानि से सुरक्षा की उम्मीद करने लगे, अल्लाह उसे उसी के हवाले कर देता है। चुनांचे जिसने अल्लाह से संपर्क स्थापित किया अल्लाह उसके लिए काफ़ी होता है और उसके हर कठिन कार्य को आसान कर देता है, तथा जिसने उसके सिवा किसी और से संपर्क जोड़ा, अल्लाह उसे उसी के हवाले करके अकेला छोड़ देता है, और अपमानित करता है।

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/6763